आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 05.03.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में 11वें रायसीना डायलॉग का उद्घाटन कर रहे हैं।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कल टिहरी झील महोत्सव का शुभारंभ करेंगे, तीन दिन तक सांस्कृतिक और साहसिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।
- चमोली जिला प्रशासन भराडीसैंण में 9 से 13 मार्च तक होने वाले विधानसभा के बजट सत्र की तैयारियों में जुटा, गैरसैंण क्षेत्र में भारी मालवाहक वाहनों के आवागमन पर अस्थायी प्रतिबंध।
- चारधाम यात्रा के लिए ट्रिप कार्ड व्यवस्था में बदलाव, टूर ऑपरेटर या वाहन मालिक की जानकारी दर्ज करना अनिवार्य।
- और... टी–20 विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल आज भारत और इंग्लैंड के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा।

**रायसीना डायलॉग**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में 11वें रायसीना डायलॉग का उद्घाटन कर रहे हैं। रायसीना डायलॉग भू–राजनीति और भू–अर्थव्यवस्था पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने आने वाली सबसे चुनौतीपूर्ण समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। रायसीना डॉयलाग भारत का एक प्रमुख सम्मेलन है जो साल 2016 से हर वर्ष नई दिल्ली में आयोजित किया जाता है। तीन दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन के दौरान 110 देशों के लगभग 2700 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इनमें मंत्री, पूर्व राष्ट्राध्यक्ष और पूर्व सरकार के प्रमुख, सांसद, सैन्य कमांडर और उद्योग जगत के प्रमुख लोग शामिल होंगे। इस सम्मेलन में वैश्विक नेता, नीति निर्माता और विशेषज्ञ अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों और रणनीतिक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण मद्दों पर विचार–विमर्श करेंगे।

**झील महोत्सव**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कल टिहरी ज़िले में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टिहरी झील महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। तीन दिन तक चलने वाला यह महोत्सव नौ मार्च तक आयोजित किया जाएगा।

महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक, साहसिक और मनोरंजन से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने बताया कि महोत्सव को भव्य स्वरूप देने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने आमजन और पर्यटकों से अधिक से अधिक संख्या में महोत्सव में भाग लेने की अपील की है।

विधानसभा के बजट सत्र

चमोली ज़िले के गैरसैंण स्थित भराडीसैंण में 9 मार्च से 13 मार्च तक विधानसभा का बजट सत्र आयोजित किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों, वीआईपी व्यक्तियों, अधिकारियों और आम जनता की आवाजाही बढ़ने की संभावना है। इसे देखते हुए पुलिस ने यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किए हैं।

पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने बताया कि सुगम यातायात संचालन को ध्यान में रखते हुए निर्धारित समय के लिए गैरसैंण क्षेत्र में भारी मालवाहक वाहनों के आवागमन पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया है।

चारधाम यात्रा

आगामी चारधाम यात्रा को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए परिवहन विभाग ने ट्रिप कार्ड व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। अब यात्रा में संचालित होने वाले प्रत्येक वाहन के ट्रिप कार्ड पर यात्रियों और चालक की जानकारी के साथ टूर ऑपरेटर या वाहन मालिक का नाम, मोबाइल नंबर और लाइसेंस नंबर दर्ज करना अनिवार्य होगा।

आरटीओ प्रशासन के नोडल अधिकारी संदीप सैनी ने बताया कि नई व्यवस्था लागू होने से टूर ऑपरेटर की जिम्मेदारी भी सीधे तय होगी और किसी भी प्रकार के फर्जीवाड़े पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा।

108

प्रदेश में कल होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पुलिस और 108 आपातकालीन सेवा पूरी तरह मुस्तैद रही। 108 सेवा से मिली जानकारी के अनुसार सामान्य दिनों की तुलना में पिछले दो दिनों के दौरान कहीं अधिक लोगों ने आपातकालीन सहायता के लिए टोल–फ्री नंबर 108 पर संपर्क किया।

कैम्प आपातकालीन सेवा 108 के महाप्रबंधक अनिल शर्मा ने बताया कि होली के दिन और उससे एक दिन पहले प्रसव से संबंधित 292, सड़क दुर्घटना के 165, हृदय रोग से जुड़े 66 और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के 706 मामले सामने आए।

उन्होंने बताया कि होली के दिन पुलिस से संबंधित 165 कॉल भी प्राप्त हुईं, जिन्हें पुलिस कंट्रोल रूम को हस्तांतरित किया गया। देहरादून में 108 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से 224 लोगों को सहायता प्रदान की गई, जिनमें प्रसव से संबंधित 58, सड़क दुर्घटना के 36, हृदय रोग से जुड़े 12 और अन्य मामलों के 118 मरीज शामिल रहे।

**डिजिटल उपकरण**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में चार डिजिटल उपकरणों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने वर्ष 2027 की जनगणना के लिए महिलाओं और पुरुषों के प्रतीक शुभंकर– प्रगति और विकास का औपचारिक अनावरण किया। इन उपकरणों में हाउसलिस्टिंग ब्लॉक क्रिएटर वेब एप्लिकेशन, एचएलओ मोबाइल एप्लिकेशन, स्व–गणना पोर्टल और जनगणना प्रबंधन तथा निगरानी प्रणाली पोर्टल शामिल हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र ने देश भर में गणना कार्यों को सुगम बनाने के लिए यह उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किए हैं।

टी–20 विश्व कप

टी–20 विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल आज भारत और इंग्लैंड के बीच अब से कुछ देर में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शुरू होगा। दोनों टीमें सेमीफाइनल में लगातार तीसरी बार आमने–सामने होंगी। इससे पहले वर्ष 2022 और 2024 में भी दोनों के बीच सेमीफाइनल मुकाबले हुए थे, जिनमें एक–एक जीत दोनों टीमों को मिली थी।

इस टी–20 विश्व कप में भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने सात मैचों में 231 रन बनाए हैं, जिनमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 84 रन रहा है। गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती ने सात मैचों में 12 विकेट लेकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया है।

पश्चिम एशिया

अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास ने संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों को पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच सतर्क और शांत रहने, अधिकारियों के सुरक्षा दिशानिर्देशों और सलाहों का पालन करने की सलाह दी है। असाधारण परिस्थितियों को देखते हुए हवाई क्षेत्र और नियमित निर्धारित उड़ान संचालन अस्थायी रूप से निलंबित हैं।

28 फरवरी के बाद फंसे हुए और जिनके वीजा की अवधि समाप्त हो गई है, उनके लिए संयुक्त अरब अमीरात ने असाधारण परिस्थितियों के कारण अतिरिक्त प्रवास के जुर्माने में छूट की घोषणा की है।